(ख) क्या इनकी संख्या उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से पर्याप्त है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार अतिरिक्त पेट्रोल-पम्प खोलने पर विचार कर रही है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) (क) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय एवं राजमार्गों पर 1142 खुदरा बिक्री केन्द्र प्रचालन में हैं। तेल उद्योग राज्य एंव राष्ट्रीय राजमार्गों पर खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपें स्थापित करने के लिए निम्नलिखित परिणाम-दूरी मानकों का अनुसरण करता है:

(1) प्रस्तावित खुदरा बिक्री केन्द्र के 15 किलोमीटर (दोनों तरफ) के अंतर्गत प्रति खुदरा बिक्री केन्द्र संयुक्त थूपुट 80 किलो लीटर (के एल) से अधिक होना चाहिए।

(2) प्रचालन के दूसरे वर्ष के दौरान न्यूनतम प्रत्याशित बिक्री निम्नवत होनी चाहिए:

(क) केवल एच एस डी के मामले में	-	50 किलो लीटर प्रति माह
(ख) एम एस/एच एस डी के संयुक्त मामले में	-	एम एस - 5 किलोलीटर प्रतिमाह
	-	एच एस डी 50 किलोलीटर प्रतिमाह

(ख) और (ग) वर्द्धित मांग को पूरा करने के लिए खुदरा बिक्री केन्द्र विपणन योजना 1996-98 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के लिए 98 और खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशिपें सम्मिलित की गई हैं।

निजी क्षेत्र के अंतर्गत तेलशोधक कारखानों की स्थापना

2591. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में निजी क्षेत्र के अंतर्गत तेलशोधक कारखानों की स्थापना के लिए दी गई स्वीकृति के आधार पर अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ख) इन तेल शोधक कारखानों में से प्रत्येक की संस्थापित क्षमता कितनी-कितनी है;

(ग) इन तेलशोधक कारखानों को स्थापित करने में विलंब के क्या कारण हैं और प्रत्येक तेलशोधक कारखाने में पूंजीगत निवेश में विदेशी एवं स्वदेशी ऋण का प्रतिशत कितना-कितना है; और

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) से (घ) गुजरात में मैसर्स रिलायंस पेट्रोलियम लिमिटेड और मैसर्स एस्सार आयल लिमिटेड की रिफाइनरियां, जो दोनों जामनगर में स्थित हैं, क्रमश: जून, 1999 तथा मार्च, 2000 तक आरंभ कर दिए जाने की संभावना है।

मैसर्स इंटरनेशनल पेट्रोलियम एस ए (बी वी आई), स्विटजरलैंड को गुजरात के पश्चिम तट पर 100 प्रतिशत निर्यात मूलक इकाई के तहत 5 एम एम टी पी ए क्षमता वाली रिफाइनरी की स्थापना के लिए 14.8.1992 को एक औद्योगिक लाइसेंस प्रदान किया गया था। लेकिन, चूंकि रिफाइनरी ने कोई प्रगति नहीं की इसलिए उनके आशय-पत्र का पुन: वैधीकरण नहीं किया गया।

सरकार ने दिसंबर, 1995 में ओमान आयल कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम के रूप में बीना (म. प्र) में 5277 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर 6 एम एम टी पी ए क्षमता वाली रिफाइनरी की स्थापना के लिए भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। क्रूड पाइपलाइन बिछाने के लिए वन्य जीवन रक्षा अधिनियम के अंतर्गत गुजरात सरकार से समुद्री अनुमोदन की प्रतीक्षा है।

पश्चिम तट रिफाइनरी महाराष्ट्र में 6 एम एम टी पी ए क्षमता के साथ हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और ओमान आयल कंपनी के बीच संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित की जानी थी पर ओमान आयल कंपनी ने अपनी विभिन्न अन्य वचनबद्धताओं के कारण इस उद्यम में अपने हित की समीक्षा करने की इच्छा व्यक्त की । रीतियों की जांच एच पी सी एल द्वारा की जा रही है।

सीसा-रहित पेट्रोल

2592. **श्री ओंकार सिंह लखावत:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सीसा-रहित पेट्रोल की बिक्री कितने शहरों में की जा रही है और कितने शहरों में मात्र सीसा-रहित पेट्रोल का उपयोग अनिवार्य है;

(ख) देश में बेचे जाने वाले कुल पेट्रोल की तुलना में सीसा-रहित पेट्रोल की बिक्री का प्रतिशत कितना है; और

(ग) क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कोई प्रमाणिक अध्ययन किया गया है कि सीसा-रहित पेट्रोल ही प्रदूषण नियंत्रण का एकमात्र उपयोगी विकल्प है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) 31.12.1998 की स्थिति के अनुसार सीसा रहित पेट्रोल 412 स्थानों पर बेचा जा

रहा है जिसमें, शहर, नगर और राजमार्ग आदि शामिल हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के पर्यावरण प्रदूषण (निवारण एवं नियंत्रण) प्राधिकरण एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार 1.1.99 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सभी वाहनों को केवल सीसा रहित पेट्रोल की आपूर्ति ही की जा रही है।

(ख) अप्रैल, 98 से जनवरी, 99 तक की अवधि में सीसा रहित पेट्रोल की बिक्री, पूरे देश में पेट्रोल की कुल बिक्री का लगभग 10.2 प्रतिशत रही।

(ग) प्रदूषण की दृष्टि से, पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के लिए सीसा-रहित पेट्रोल सबसे अच्छा ईंधन है। इसके अतिरिक्त, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण के संरक्षण के क्रम में, सीसा-रहित पेट्रोल के अलावा, ताज ट्रेपेजियम और चारों महानगरों में अतिरिक्त निम्न सल्फर हाई स्पीड डीजल की आपूर्ति की जा रही है और यह योजना है कि 1.1.2000 से संपूर्ण देश में इसकी आपूर्ति कर दी जाए। सरकार ने सी एन जी और एल पी जी को भी आटो ईंधन के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है।

Supply of Crude Oil to Refineries in Assam

2593. SHRI DRUPAD BORGOHAIN: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether his Ministry has any plan to explore quickly the new oil fields in Assam through ONGC and Oil in the wake of shortage of crude oil for four oil refineries in Assam including NRL;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether private companies are also allowed to do so;

(d) if so, the details thereof; and

(e) in the absence of additional crude oil, what is the plan of supplying crude oil to these oil refineries upto their ful capacities?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) and (b) ONGC's IX plan exploratory input consists of 2005 Ground Line Kilometer (GLK) of 2D seismic data acquisition and 3755 GLK of 3D seismic data acquisition along with drilling of 119 exploratory wells in Assam. Oil India Limited plans to drill 71 exploratory wells, carry out 13350 Standard Line Kilometer (SLKM) of 2D survey and 1196 Square Kilometer (SQKM) of 3 D survey in Assam during IX plan.

(c) Yes, Sir.

(d) Government has offered exploration blocks to private companies in Assam since fourth round of exploration bidding in 1991. The details of the blocks awarded in various bidding rounds is as below:

Bidding round	Block offered	No. of blocks for which bid received	No. of awarded
IV	1	1	0
V	2	0	0
VI	9	1	0
VII	5*	1	0
VIII	10*	10	4
JVEP-95	3*	3	1

*block area extends to neigh bouring states.

Out of the above, contracts have been signed with private companies for following three exploration blocks in Assam:—

Name of the Block	Date of signing	Name of Company
AAP-On-94/1	30.6.98	HDEC, General Fibres Dealers Ltd., India.
CR-ON-90/1	30.6.98	Essar Oil Ltd., HDEC
AA-ON-7	19.2.99	Assam Company Ltd., Centurion Energy Ltd., Canaro Resource, Canada.

(e) A crude oil pipeline from Haldia to Barauni of 4.2 Million Tonnes Per annum capacity has been laid to supply imported crude oil to Barauni Refinery to meet its processing requirements as per present capacity. A proposal is under consideration to augment the capacity of Haldia-Barauni crude oil pipeline from 4.2 to 7.5 Million tonnes per annum including additional crude receipt and storage facilities at Haldia in order to meet the incremental crude oil requirement of Barauni Refinery expansion to the extent of 1.8 Million Tonnes per annum and to supplement the requirement of Bongaian Refinery & Petrochemicals Limited (BRPL),